संक्षिप्त समाचार

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने खोया हुआ बच्चा मां को सौपा

रांची : अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश कुमार ने एक आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को दिया जिसमें एक बच्चे प्रेम नोनिया जो पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले का रहने वाला है से संबंधित था। जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, रांची के समक्ष उस बच्चे की मां मधु देवी को प्राधिकार के रांची कार्यालय में सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में सौंपा गया। उक्त बच्चा दिनांक 19 जुलाई को टाटीसिलवे में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के पप्पू कुमार को रोते हुए मिला था। पप्पू कुमार के द्वारा पूछताछ के क्रम में पता चला कि उसे कोई अंजान व्यक्ति पैसों का लालच दे कर वहां से बहला कर ट्रेन में अपने साथ रांची ले आया। उसकी मंशा देख कर वो बच्चा वहां से भाग निकला और रोते हुए टाटीसिल्वे में सड़क पर भटक रहा था। पप्पू कुमार ने इसकी तत्काल सूचना टाटीसिलवे थाना एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश कुमार को दी। बच्चे से पूछने पर उसने अपनी मां मधु देवी का मोबाइल नंबर दिया। जिस पर तुरंत बात करके बच्चे की मां को सभी वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया एवं रांची अपने बच्चे को ले जाने के लिए आने को कहा। तब तक बच्चे को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की देख रेख में रखा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यालय में सचिव राकेश रौशन के समक्ष दोनों मां बेटे को लाया गया एवं डालसा, रांची एवं चाइल्ड हेल्पलाइन रांची के सुपरवाइजर मुकेश कुमार के समक्ष सकुशल सौंप दिया गया।

राज्यपाल ने लोकभवन में किया पुस्तक का लोकार्पण

रांचीः भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री डॉ. सुबास साहु के निवेदन पर झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा एन इंट्रोडक्शन टू क्लाउड एकाउंटिंग नाम पुस्तक का विधिवत लोकार्पण लोक भवन में सम्पन्न हुआ। इस पुस्तक के लेखक डॉ. गुंजन कुमार भारतीय शिक्षण मंडल की रांची विश्वविद्यालय इकाई के सदस्य हैं तथा वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कार्यरत हैं। लेखक के कथन, क्लाउड अकाउंटिंग जैसे समसामयिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आधारित यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं वाणिज्य जगत से जुड़े सभी पाठकों के लिए उपयोगी संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के आयुक्त मनोज कुमार, रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) सुदेश कुमार साहु, वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. अमर कुमार चौधरी, भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री डॉ. सुबास साहु, पुस्तक के लेखक डॉ. गुंजन कुमार, लेखक की माताजी श्रीमती सुमन साहु तथा धर्मपत्नी श्रीमती अंशु प्रिया कुमारी आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय ने 'हरित ग्राम अभियान' का किया शुभारंभ, 17 दिवसीय पौधारोपण अभियान शुरू

SARALA BIRLA UNIVERSITY
NATIONAL SERVICE SCHEME

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गांव आरा में 'हरित ग्राम अभियान' का शुभारंभ किया गया। सत्रह दिवसीय पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता का यह अभियान 4 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अपने अंगीकृत गांवों–आरा, बड़ाम, सिलवई, महिलोंग एवं हरातू–सहित आरा गेट से महिलोंग तक सड़क किनारे लगभग पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही हरियाली की बढ़ोत्तरी तथा ग्रामीण समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। अभियान का शुभारंभ एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व भी है।

रांची में फुटबॉल का महाकुंभः आज से मिलेंगे फ्री टिकट

रांची : राजधानी रांची एक बार फिर बड़े खेल आयोजन की गवाह बनने जा रही है। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट 135वें इंडियन ऑयल डूरंड कप-2026 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। मुकाबलों की शुरूआत 26 जुलाई से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगी, लेकिन उससे पहले दर्शकों के लिए सबसे बड़ी खबर फ्री टिकट वितरण आज से यानी 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। जानकरी के अनुसार दर्शकों के लिए 22 जुलाई से 16 अगस्त तक निःशुल्क टिकट दिए जाएंगे। समयः सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक। गेट संख्या 11 और 13 के बीच बने 10 काउंटर। गेट संख्या 23 के पास 2 काउंटर। प्रति व्यक्तिः अधिकतम 4 टिकट। मैच के दिन स्टेडियम में प्रवेश मैच शुरू होने से 3 घंटे पहले शुरू कर दिया जाएगा, ताकि दर्शक बिना किसी परेशानी के अंदर जा सकें। 26 जुलाई से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह भी खास होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

सरकार ने सचिवालय लिपिकीय सेवा के कर्मियों की औपबंधिक वरीयता सूची जारी की

रांची : राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय लिपिकीय सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों की औपबंधिक वरीयता सूची जारी कर दी है। कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा सुधार विभाग की तरफ से यह सूची जारी करते हुए सात दिनों के अंदर दावा पेश करने का अनुरोध किया गया है। सूची में वर्ष 2024 तक नियुक्त, समायोजित और प्रोन्नत हुए सभी पदधारकों के नामों को शामिल किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी कर्मी को अपनी सीनियरिटी या दर्ज विवरण पर कोई आपत्ति है, तो वे अपना आवेदन दे सकते हैं। इससे पहले वर्ष 2019 में औपबंधिक वरीयता सूची प्रकाशित की गई थी। 2019 के बाद से अब तक कई कर्मचारियों की नई नियुक्तियां हुई।कुछ का समायोजन हुआ, तो कई वरिष्ठ कर्मी अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए. साथ ही कई कर्मियों को प्रोन्नति भी दी गई। इन बदलावों के बाद प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सीनियरिटी लिस्ट को अपडेट करना आवश्यक हो गया था। सरकार के उप सचिव ब्रज माधव के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों और उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता कार्यालय को निर्देश दिया गया है।

रांची रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। रांची आरपीएफ पोस्ट कमांडर शिशुपाल कुमार ने मंगलवार को बताया कि रांची और आरपीएफ फ्लाइंग टीम के जरिए ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया गया।

जांच अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-01 स्थित वीआईपी गेट के समीप एक संदिग्ध युवक काले एवं हरे रंग का स्काई बैग लेकर बैठा हुआ दिखाई दिया। जांच दल को देखकर वह घबराने लगा, जिस पर उसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम बृजराज यादव (19) बताया। वह उत्तर प्रदेश के ग्राम मटियारवा, थाना पदरौना, जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। बैग के संबंध में पूछने पर उसने स्वीकार किया कि उसमें गांजा रखा हुआ है। घटना की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ प्रताप सिंह नेगी को दी गई, जो तुरंत मौके पर पहुंचे तथा संपूर्ण कार्रवाई का पर्यवेक्षण किये।

मामले में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने एवं स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से चार पैकेट बरामद हुए, जिनमें गांजा पाया गया। इस प्रकार कुल 12 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग छह लाख बताया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि उसे मेहंदी अंसारी के जरिए संताला (ओडिशा) से गोरखपुर तक गांजा पहुंचाने का काम सौंपा गया था, जिसके बदले उसे प्रति किलोग्राम एक हजार रुपए देने का वादा किया गया था। आरोपित ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ की जांच देखकर मेहंदी अंसारी मौके से फरार हो गया। बरामद गांजा को जब्त एवं सील किया गया। इसके बाद आरोपित बृजराज यादव तथा जब्त 12 किलोग्राम गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सुपुर्द कर दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पवन कुमार, उपनिरीक्षक अजीत कुमार, आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची - आरक्षक दिलीप कुमार जितरवाल सहित अन्य शामिल थे।

आदिवासी समुदाय हमारे जिले की रीढ़ हैं : उपायुक्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से आज अपने कार्यालय कक्ष में आदिवासी समुदाय बेयासी गांव, प्रखंड चान्हो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए जिला प्रशासन के हस्तक्षेप की मांग की।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अंचल अधिकारी, चान्हो को निर्देशित किया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुये स्थानीय थाना (चान्हो थाना) के सहयोग से पूरी घटना की जांच करें और यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे तुरंत हटाकर प्रभावित आदिवासी परिवारों को उनके वैध अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा, आदिवासी समुदाय हमारी जिले की रीढ़ हैं। उनकी जमीन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत को जिला प्रशासन शून्य सहनशीलता के साथ देखता है। कोई भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला प्रशासन, रांची ने स्पष्ट किया कि भूमि संबंधी विवादों में कानून के अनुसार सख्ती बरती जाएगी।

सावन मेला अद्वितीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीकः दीपिका पांडे सिंह

27 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले का हुआ शुभारंभ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में 27 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ। सावन मेले का उद्घाटन महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सावन मेला अद्वितीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा पुष्पा अग्रवाल ने गणेश वंदना की।

सावन मेले में आए सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया। मंत्री निर्मल बुधिया ने अग्रवाल सभा के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अग्रवाल महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मेले की संयोजिका अनुसूया नेवटिया ने कहा कि सावन मेला मे 100 से भी अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघारा का भव्य आयोजन किया गया है। मेले के समापन में समिति द्वारा बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। आज सावन मेले में सैकड़ो महिलाओं ने खूब खरीदारी की एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस स्पोर्ट्स मीट-2026 का शुभारंभ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस स्पोर्ट्स मीट-2026 का शुभारंभ अपर पुलिस महानिदेशक दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र मनोज कौशिक द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिसकर्मी वर्ष के 365 दिन, चौबीसों घंटे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण करने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हैं। लगातार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के कारण उन पर शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार का दबाव रहता है। ऐसे में खेलकूद न केवल तनाव को कम करने का प्रभावी माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता विकसित करने का भी सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विभिन्न जिलों के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे कार्यक्षमता एवं संगठनात्मक एकजुटता को नई ऊर्जा मिलती है।

दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस स्पोर्ट्स मीट में राँची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा जिले के पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 21 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वुशु, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, साइक्लिंग, योग, भारोत्तोलन, कराटे, जूडो, जिम्नास्टिक्स, तीरंदाजी, कुश्ती तथा क्रिकेट सहित विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन विभिन्न जिलों के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच दौड़ सहित विभिन्न एथलेटिक्स एवं अन्य खेल स्पधाओं का आयोजन किया गया। आगामी दिनों में भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। प्रतियोगिता का समापन एवं विजेताओं का सम्मान समारोह 23 जुलाई 2026 को आयोजित होगा। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गौरव गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक (यातायात) राकेश सिंह, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पुलिस उपाधीक्षक, अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

रांची में चला नगर निगम का बुलडोजर, कई दुकानें तोड़ी गईं

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में सड़कों को अतिक्रमणमुक्त और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को हरमू चौक पर सड़क किनारे लगाई गई 20 से अधिक अस्थायी दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने विरोध भी किया।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि हरमू चौक, रातु रोड, अरगोड़ा और बिरसा चौक को जोड़ने वाला मार्ग शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इस सड़क से लगातार वीआईपी मूवमेंट के साथ-साथ आम लोगों का भी आवागमन होता है। सड़क किनारे अस्थायी दुकानें लगने से यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी को देखते हुए अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान प्रभावित दुकानदारों ने नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि वे पिछले करीब 10 वर्षों से यहां दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। यदि उनकी दुकानें हटा दी जाती हैं तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने सरकार और नगर निगम से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

मोदी सरकार ने लोकतंत्र में आवाज उठाने को ही बनाया जुर्म : राजेश गुप्ता

रांची : राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा, दिल्ली के जंतर मंतर पर मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी - द्वारा आयोजित संसद मार्च में दिल्ली पुलिस द्वारा की गई अमानवीय बर्बरता की घोर निंदा करता है। भारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में इकट्ठे हुए छात्र, नौजवान, छात्राएं, महिलाएं, पुरुष और छोटी बच्चियां सिर्फ एक ही मांग कर रहे थे - शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और पेपर लीक के जिम्मेदार शिक्षा मंत्री का इस्तीफा। मोर्चा के नेता राजेश गुप्ता ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोकतंत्र में आवाज उठाने को ही जुर्म बना दिया है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बिना किसी चेतावनी के बेरहमी से लाठीचार्ज किया गया। आंसू गैस के गोले दागे गए जिससे छात्र, छात्राएं और छोटी बच्चियां भी इसकी चपेट में आकर बेहाल हो गईं। महिला प्रदर्शनकारियों के साथ अभद्रता और बदसलूकी की गई।

रिम्स शासी परिषद की बैठकः खरीदे जाएंगे 200 नए अत्याधुनिक वेंटिलेटर, रोबोटिक सर्जरी होगी शुरू

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की शासी परिषद की बैठक मंगलवार को रिम्स परिसर में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शासी परिषद की बैठक में 19 एजेंडों और पांच अतिरिक्त महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए रिम्स को अत्याधुनिक, मरीज-केंद्रित और विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की दिशा में कई बड़े एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। ताकि रिम्स अग्रणी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में शामिल हो सके।

बैठक में रिम्स के सभी शौचालयों को एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक बनाने, मुख्य प्रवेश द्वार को हाईटेक स्वरूप देने, ऑर्थोपेडिक वार्ड के पुनर्निर्माण, 200 नए अत्याधुनिक वेंटिलेटर की खरीदने, रोबोटिक सर्जरी शुरू किए जाने, स्मार्ट क्लासरूम विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अलावे रिम्स में रिहैबिलिटेशन सेंटर स्थापित करने, मेडिकल उपकरणों की शीघ्र खरीद, हेल्प डेस्क की स्थापना किए जाने, रेडियोथेरेपी मशीन की खरीद प्रक्रिया तेज करने, ब्लड बैंक को सशक्त बनाने, जेनेटिक स्क्रीनिंग व्यवस्था मजबूत करने, स्टेम सेल संरक्षण की दिशा में पहल किए जाने की बातों पर सहमति बनी।

बैठक के बाद मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता रिम्स को आधुनिक तकनीक, बेहतर संसाधनों और उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं से सुसज्जित कर ऐसा संस्थान बनाना है, जहां मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े। जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। बैठक में विधायक सुरेश बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स के निदेशक डॉ दीपेंद्र कुमार सिन्हा, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, अपर निदेशक डॉ बाघमारे कृष्ण प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मोरहाबादी में आधुनिक वेंडिंग जोन के लिए निगम ने 3.26 करोड़ की स्वीकृति दी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : रांची में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बनेंगे आधुनिक वेंडिंग जोन, मोराबादी से पंडरा तक निरीक्षण किया. 3.26 करोड़ की परियोजना को मिली स्वीकृति.

रांची शहर में अब सड़क किनारे बिखरे हुए ठेले और अस्थायी दुकानें धीरे-धीरे एक सुनियोजित और आधुनिक व्यवस्था का हिस्सा बनती नजर आएंगी। स्ट्रीट वेंडर्स को स्थायी, सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल उपलब्ध कराने की दिशा में रांची नगर निगम ने अपनी पहल तेज कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने मोराबादी एवं पंडरा क्षेत्र में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन वेंडिंग जोन का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल वेंडर्स को बैठाने की व्यवस्था करना नहीं, बल्कि ऐसे आधुनिक वेंडिंग जोन विकसित करना है जो शहर की नई पहचान बनें, नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ दें और स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराएँ।निरीक्षण की शुरूआत में मोराबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप निमार्णाधीन आधुनिक वेंडिंग जोन से हुई। लगभग 3.26 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे इस अत्याधुनिक परिसर में करीब 205 स्ट्रीट वेंडर्स के लिए स्थायी दुकानें एवं बैठने की व्यवस्था की जा रही है।अभियंताओं ने नगर आयुक्त को बताया कि यह केवल शेडयुक्त बाजार नहीं होगा, बल्कि नागरिक सुविधाओं से युक्त एक सुव्यवस्थित सार्वजनिक परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ पेयजल, आधुनिक शौचालय, चौड़े पाथवे, बेहतर ड्रेनेज सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आकर्षक लैंडस्केपिंग, विद्युत व्यवस्था, गार्ड रूम सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि लगभग एक एकड़ क्षेत्र मैं इसे विकसित किया जाए ताकि यह वेंडिंग जोन भविष्य में शहर का एक मॉडल सार्वजनिक स्थल बन सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वेंडिंग जोन केवल व्यापार का केंद्र नहीं होगा, बल्कि शहर की नई पहचान बनेगा। ऐसा सार्वजनिक स्थल विकसित किया जाए जहाँ नागरिक सहजता से आएँ और स्ट्रीट वेंडर्स सम्मानपूर्वक अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने आसपास उपलब्ध छूटी हुई सरकारी भूमि को भी परियोजना में शामिल कर समग्र विकास योजना तैयार करने का निर्देश दिया।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केवल वेंडिंग जोन तक सीमित न रहकर पूरे क्षेत्र में आकर्षक पाथवे,कलवर्ट,बाउंड्री वॉल,पार्किंग,नागरिक सुविधाएँ, हरित क्षेत्र का समावेश करते हुए एकीकृत विकास योजना तैयार की जाए।

होटल पार्क प्राइम से टीआरआई तक हाल ही में अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी भूमि पर सुनियोजित शहरी विकास कार्यों की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके।

इसके बाद नगर आयुक्त टैगोर हिल के समीप विकसित अस्थायी वेंडिंग स्थल पहुँचे। मोराबादी मैदान से हटाए गए स्ट्रीट वेंडर्स के पुनर्वास के लिए लगभग 45 डिसमिल गैर-मजरूआ भूमि पर यह अस्थायी वेंडिंग स्थल विकसित किया गया है, जहाँ वर्तमान में लगभग 250 स्ट्रीट वेंडर्स व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय कर रहे हैं।

29 तक एन्यूमरेशन फार्म जमा करने के निर्देश

रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बी एल ओ के साथ समन्वय स्थापित कर 29 जुलाई से पूर्व एन्यूमरेशन फॉर्म के शत-प्रतिशत संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की सहभागिता से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सकता है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल (Client) अमिता कुमारी), पुत्री श्री अनिल कुमार, निवासीः खगड़िया, थाना–गोगरी जमालपुर, रतन, खगड़िया, बिहार – 851203, एक आत्मनिर्भर महिला हैं। उन्होंने अपने पिता श्री अनिल कुमार, माता श्रीमती सुवरा देवी और भाई आर्यन कुमार (तीनों निवासीः SDT–8 / 12, ग्राउंड फ्लोर, डीवीसी फुटबॉल ग्राउंड के पास, बोकारो थर्मल, झारखंड – 829107) से अपने सभी पारिवारिक, वित्तीय और कानूनी संबंध हमेशा के लिए तोड़ लिए हैं। यह फैसला उन्होंने अपने परिवार द्वारा दिए जा रहे लगातार मानसिक उत्पीड़न और शादी के अनुचित दबाव के कारण लिया है, ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जी सकें। अब से मेरी मुवक्किल का अपने माता–पिता और भाई से कोई लेना–देना नहीं है। भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था उनके साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन, संपर्क या व्यवहार करता है, या उनके खिलाफ कोई पुलिस / कोर्ट केस होता है, तो उसके लिए मेरी मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उनसे व्यवहार करने वाला व्यक्ति पूरी तरह से अपने जोखिम पर काम करेगा।

AM LEGAL SERVICES (Advocates & Solicitors)
Office: 2589, Lower Ground Floor, Hudson Lane, Delhi – 110009

शिवालिका स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
रजिस्टर्ड ऑफिसः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के नीचे दिए गए लोन लेने वालों को बताया जाता है कि बैंक से लिए गए गोल्ड लोन को उन्होंने अलग-अलग नोटिस और अलग-अलग मांगों के बावजूद एडजस्ट नहीं किया है। सभी लोन लेने वालों को बताया जाता है कि बैंक के पास सिक्योरिटी के तौर पर रखे गए सोने के गहनों की नीलामी करने का फैसला किया गया है और इसलिए यह सुबह 11:00 बजे उस ब्रांच में तय किया गया है जहाँ से लोन लिया गया था। लोन लेने वाले, अकाउंट होल्डर और आम लोग, सभी इस नीलामी में नीलामी की शर्तों के हिसाब से हिस्सा ले सकते हैं।

नीलामी की तारीख 30-07-2026 सुबह 11:00 बजे है।

क्रम संख्या	शाखा	खाता नंबर	खाताधारक का नाम
1	गाजियाबाद	101542517862	रबीता गोयल
2	इंदिरापुरम	101942527841	रबीता गोयल
3	इंदिरापुरम	101942527801	चंदन कुमार सिंह

बैंक के पास बिना किसी पहले से सूचना के किसी भी अकाउंट को ऑक्शन से हटाने या ऑक्शन को कैंसिल करने का अधिकार है। प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।